(द्वेष रहित)
(ई–मेल द्वारा)

# कार्यालय मुख्य अभियन्ता (तकनीकी सेल)

ई0पी0सी0 मिशन, नियोजन विभाग
द्वितीय तल, योजना भवन, लखनऊ–226001
*(technicalcellepcmission@gmail.com)*

---

पत्र सं0–2344/न्याय विभाग/तकनीकी सेल/2024 दिनांकः– 01.07.2024

## कार्यालय ज्ञाप

जनपद प्रयागराज में लीडर रोड में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के श्रेणी–3 एवं श्रेणी–4 के कर्मचारियों हेतु 220 नग टाईप 2 एवं 803 नग टाईप–1 के आवासों के निर्माण कार्य हेतु इस कार्यालय द्वारा निविदा संख्या– 1315/जनरल/तकनीकी सेल/2024 दिनांक 31.01.2024 के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई थी। प्रश्नगत कार्य की वित्तीय विड दिनांक 05.03.2024 को खोली गई जिसमे न्यूनतम निविदादाता (एल–1) Ms Dianka Industries India Pvt. Ltd. पाए गए। तत्क्रम में परियोजना के न्यूनतम निविदादाता (एल–1) Ms Dianka Industries India Pvt. Ltd. के पक्ष में निविदा गठन हेतु मुख्य अभियन्ता, पी०एम०जी०एस०वाई० क्षेत्र, लो०नि०वि०, प्रयागराज के पत्रांक–1106/लीडर रोड (प्रयागराज) पी०एम०जी०एस०वाई क्षेत्र प्रया०/2023 दिनाक 08.03.2024 द्वारा कतिपय प्रतिबन्धो के अधीन निविदा का अनुमोदन प्रदान किया गया। उक्त अनुमोदन के अनुपालन में कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, पी०एम०जी०एस०वाई० वृत्त, लो०नि०वि०, प्रयागराज के पत्रांक 193 L.R.(PRY) PMGSY Circle Praya/2024 दिनांक 11.03.2024 द्वारा न्यूनतम निविदादाता (एल–1) Ms Dianka Industries India Pvt. Ltd. के पक्ष में अनुबन्ध गठन हेतु एल०ओ०ए० (Letter of Acceptance) निर्गत किया गया।

इस सम्बन्ध में मेसर्स आर०आर० थुलासी बिल्डर्स के पत्र दिनांक 26.03.2024 द्वारा M/s Dianka Industries India Pvt Ltd द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण–पत्र एवं ऑडिटेड बैलेंस शीट अवैध होने तथा कतिपय अन्य बिन्दुओं में सम्बन्ध में शिकायत प्रस्तुत की गई। उक्त के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियन्ता पी०एम०जी०एस०वाई० क्षेत्र लो०नि०वि० प्रयागराज के पत्रांक –1821/लीडर रोड (प्रयागराज) पी०एम०जी०एस०वाई क्षेत्र–प्रया०/2024 दिनांक 25.04.2024 द्वारा उपर्युक्त शिकायती पत्र में उल्लिखित तथ्यों का स्थलीय एवं अभिलेखीय सत्यापन कराया गया जिसमें यह पाया गया कि M/s Dianka Industries India Pvt Ltd द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण–पत्र का कार्यस्थल पर उपलब्ध भवन कार्य से सत्यापन नहीं होता है। मुख्य अभियन्ता, पी०एम०जी०ए०वाई क्षेत्र, लो०नि०वि०, प्रयागराज के पत्रांक–2116/लीडर रोड (प्रयागराज) पी०एम०जी०ए०वाई क्षेत्र –प्रा०/ 2024 दिनाक 15.05.2024 द्वारा आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु इस कार्यालय को प्रेषित की गयी।

उपरोक्त के सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्रांक–2097/न्याय विभाग/तकनीकी सेल/2024 दि0 17.05.2024 द्वारा M/s Dianka Industries India Pvt Ltd. को प्रकरण में 14 दिनों के अन्दर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। परन्तु उनके द्वारा नियत समय में अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया। इस क्रम में पुनः इस कार्यालय के पत्रांक –2140/न्याय विभाग/तकनीकी सेल/2024 दि0 31.05.2024 के माध्यम से M/s Dianka Industries India Pvt. Ltd. को दि0 03.06.2024 तक अपना स्पष्टीकरण प्रेषित किए जाने हेतु अन्तिम नोटिस निर्गत किया गया परन्तु उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई स्पष्टीकरण प्रेषित नहीं किया गया। अतः मुख्य अभियन्ता, पी०एम०जी०एस०वाई क्षेत्र, लो०नि०वि० प्रयागराज के अनुमोदन के उपरानत अधीक्षण अभियन्ता, पी०एम०जी०एस०वाई वृत्त, लो०नि०वि० प्रयागराज के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 11.06.2024 द्वारा M/s Dianka Industries India Pvt Ltd. को उपरोक्त कार्य हेतु निर्गत एल0ओ0ए0 को निरस्त कर दिया गया।

पुनः उपरोक्त के क्रम में मुख्य अभियन्ता, पी०एम०जी०एस०वाई क्षेत्र, लो०नि०वि० प्रयागराज के पत्रांक 2583/लीडर रोड (प्रयागराज)–पी०एम०जी०एस०वाई क्षेत्र–प्रया०/2024 दिनांक 24.06.2024 द्वारा M/s Dianka Industries India Pvt Ltd. को Integrity Pact के Article-3 के अर्न्तगत 05 वर्ष के डिबारमेन्ट की संस्तुति इस कार्यालय को प्रेषित की गयी।

अतः मुख्य अभियन्ता, पी०एम०जी०एस०वाई क्षेत्र, लो०नि०वि० प्रयागराज की संस्तुति के क्रम में M/s Dianka Industries India Pvt Ltd. को तकनीकी सेल, ई0पी0सी0 मिशन, नियोजन विभाग के अन्तर्गत उ0प्र0 में सभी भवन कार्यों हेतु 05 वर्ष के लिए डिबार (ब्लैकलिस्ट) किया जाता है। यह आदेश तत्काल से प्रभावी होगें एवं संतोषजनक आचरण पर आदेश से 05 वर्षों बाद स्वतः समाप्त समझे जायेगें।

01/7/24
(पवन वर्मा)
मुख्य अभियन्ता, तकनीकी सेल
ई0पी0सी0 मिशन, नियोजन विभाग, लखनऊ

पत्र सं0–2344/न्याय विभाग/तकनीकी सेल/2024 दिनांकः– 01.07.2024

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, न्याय विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4. प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ।
5. प्रमुख अभियन्ता, परिकल्प नियोजन, लो0नि0वि0, लखनऊ।
6. मुख्य अभियन्ता (भवन), लो0नि0वि0, लखनऊ।
7. मुख्य अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, लो0नि0वि0, प्रयागराज/लखनऊ/मेरठ/मुख्य अभियन्ता, ई0ए0पी0 लो0नि0वि0, झांसी।
8. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, लखनऊ।
9. निदेशक, कंस्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (जल निगम), लखनऊ।
10. मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग, लखनऊ।
11. प्रबन्ध निदेशक, आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
12. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 समाज कल्याण निर्माण निगम लि0, लखनऊ।
13. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0, लखनऊ।
14. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड), लखनऊ।
15. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहाकारी संघ लि0, लखनऊ।
16. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोयडा डेवलपमेंट ऑथारिटी, नोयडा।
17. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोयडा डेवलपमेंट ऑथारिटी, ग्रेटर नोयडा।
18. निदेशक, ग्लोबल सेल आवास एवं विकास परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
19. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पुलिस आवास निगम लि0।
20. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पर्यटन विकास निगम, लखनऊ।
21. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0, लखनऊ।
22. अधीक्षण अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, लो0नि0वि0, प्रयागराज /गोरखपुर /लखनऊ /कानपुर /वाराणसी /मेरठ /आगरा /बरेली।
23. समस्त अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड (भवन), लो0नि0वि0, उ0प्र0।
24. M/s Dianka Industries India Pvt Ltd. Office no. 4, Vinayak Complex, Satadhar, Ghat Lodiya Ahmedabad-380061 email- info@dainka.co.in (ई–मेल तथा रजिस्टर्ड डाक से भी)।

01/07/24
मुख्य अभियन्ता, तकनीकी सेल
ई0पी0सी0 मिशन, नियोजन विभाग, लखनऊ